
## छिंदवाड़ा वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

# बिना अनुमति सीमा पार जा रहा तेंदूपत्ता

## पहले परिवहन बाद में परमिट, प्रशासन की विश्वसनीयता पर गंभीर आघात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा





जिले के पश्चिम वन मंडल अंतर्गत साँवरी वन परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता परिवहन को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि मेहलारी-बाकुल वन समिति से एक ट्रक में बड़ी मात्रा में तेंदूपत्ता भरकर जिला पांढुर्णा भेजा जा रहा था, जबकि परिवहन के लिए आवश्यक ट्रांजिट परमिट (टीपी) उपलब्ध नहीं था। मामले के सामने आने के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली और ठेकेदारों को मिलने वाली कथित संरक्षण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार मेहलारी क्षेत्र से लगभग 130 मानक बोरे तेंदूपत्ता एक ट्रक में लादकर पांढुर्णा की ओर भेजे जा रहे थे। रास्ते में पूछताछ के दौरान ट्रक चालक ने स्वीकार किया कि उसके पास केवल तेंदूपत्ता गणना पत्रक है, जिसमें मेहलारी से संग्रहण का उल्लेख है, लेकिन तेंदूपत्ता को किस स्थान तक ले जाना है, इसका कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है। चालक ने यह भी बताया कि वह ठेकेदार के निर्देश पर माल लेकर पांढुर्णा जा रहा है तथा उसके पास वन विभाग द्वारा जारी वैध ट्रांजिट परमिट उपलब्ध नहीं है।

वन कानूनों के अनुसार किसी भी प्रकार की लघु वनोपज, तेंदूपत्ता, इमारती लकड़ी अथवा अन्य वन उत्पादों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए ट्रांजिट परमिट अनिवार्य दस्तावेज होता है। इसका उद्देश्य वन संपदा की निगरानी, अवैध परिवहन की रोकथाम तथा राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ऐसे में बिना टीपी के तेंदूपत्ता परिवहन कई सवाल खड़े करता है। मामले को और गंभीर तब माना जा रहा है जब ठेकेदार पक्ष से जुड़े लोगों ने फोन पर कथित रूप से कहा कि लावाघोघरी के डिप्टी रेंजर बाद में टीपी बना देंगे। यदि यह दावा सही है तो यह प्रक्रिया और नियमों की खुली अवहेलना मानी जाएगी, क्योंकि किसी भी वन उपज का परिवहन पहले वैध अनुमति प्राप्त होने के बाद ही किया जा सकता है। दूसरी ओर, लावाघोघरी सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री दास का कहना है कि उनके क्षेत्र के गोदाम पूरी तरह भर चुके हैं, इसलिए तेंदूपत्ता पांढुर्णा भेजा जा रहा है। हालांकि उन्होंने भी यह स्वीकार किया कि साँवरी वन परिक्षेत्र से पांढुर्णा तक तेंदूपत्ता परिवहन के लिए मौके पर वैध ट्रांजिट परमिट उपलब्ध नहीं था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वन विभाग के कुछ अधिकारियों की कथित मेहरबानी के चलते ठेकेदार नियमों को ताक पर रखकर कार्य कर रहे हैं। सवाल यह है कि जब एक सामान्य ग्रामीण बिना अनुमति वन क्षेत्र से सूखी लकड़ी तक नहीं ला सकता, तब सैकड़ों बोरे तेंदूपत्ता बिना टीपी के जिला सीमा पार कैसे भेजे जा रहे हैं?

### निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्यवाही करें

यह मामला वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। यदि परिवहन वास्तव में वैध था तो ट्रांजिट परमिट पहले से क्यों नहीं बनाया गया? और यदि वैध अनुमति नहीं थी, तो जिम्मेदार अधिकारियों ने वाहन को रवाना होने की अनुमति कैसे दी? वन संपदा करोड़ों रुपये की राष्ट्रीय धरोहर है। ऐसे में पहले परिवहन, बाद में परमिट जैसी व्यवस्था यदि सच है, तो यह न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि वन प्रशासन की विश्वसनीयता पर भी गंभीर आघात है। अब आवश्यकता इस बात की है कि वरिष्ठ वन अधिकारी पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराएं और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि वन संपदा के संरक्षण और कानून के राज पर जनता का विश्वास कायम रह सके।

## श्री पूज्य सिंधी पंचायत का हुआ विस्तार, छह समाजसेवी कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत



छिंदवाड़ा। जिले की अग्रणी सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री पूज्य सिंधी पंचायत छिंदवाड़ा द्वारा समाजहित और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। पंचायत के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण हरजानी ने समाज के सक्रिय एवं समर्पित समाजसेवियों को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत करने की घोषणा की।नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों में श्री दिलीप क्षत्रिय, श्री सुरेश माधवानी, श्री जॉनी नौतानी, श्री शोभराज गंगवानी, श्री शंकर चुगलानी एवं श्री नरेंद्र नोतानी शामिल हैं। संस्था का मानना है कि इन अनुभवी और समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तियों के जुड़ने से पंचायत की गतिविधियों को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।डॉ. कृष्ण हरजानी ने कहा कि समाज के आगामी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए एक मजबूत और सक्रिय टीम की आवश्यकता थी। इसी उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है।नवनियुक्त सदस्यों ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज के विकास, संगठन की मजबूती और सामाजिक एकता के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।जिले के सर्व सिंधी समाज ने इन नियुक्तियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## स्वास्थ्य और फिटनेस का दिया संदेश, साइकिल केवल एक साधन नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन स्वच्छ पर्यावरण



हर्रई। शासकीय महाविद्यालय हर्रई में 5 जून पर्यावरण दिवस से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार जनकल्याणकारी योजना अंतर्गत , विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष में छात्र-छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा नियमित साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करना। प्राचार्य डॉ एस के एस यादव के मार्गदर्शन में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ अमिताभ अहरवार ने किया। इस साइकिल रैली के माध्यम से ऊर्जा उपभोग को कम करने के साथ ही पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्रंथपाल श्रीमती प्रिया छाबड़ा, क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती प्रीति डोंगरे, शक्ति सिंगारे , महेंद्र डेहरिया, डॉ एल काशीया , राजेश डेहरिया, डॉ सुभाष सोनी, एस.एस.परस्ते , हरिशंकर करपे , उमाशंकर डेहरिया , आयुष जैनऔर अन्य कार्यालयीन स्टाफ एवं अधिक संख्या में छात्र छात्राएं सम्मलित हुए।

## अवैध शराब एवं महुआ लाहन के खिलाफ आबकारी विभाग की दबिश, बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद

पांढुर्णा। सहायक आबकारी आयुक्त बी. आर. वैद्य के मार्गदर्शन में अवैध शराब संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी वृत्त सौसर द्वारा मय स्टाफ विशेष कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम सिरदोनी में निर्मला बाई के कब्जे से 15 केन बियर तथा ग्राम घोटी में राजेंद्र के कब्जे से 25 पाव अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इसके अतिरिक्त ग्राम पारेघाट में नदी किनारे अवैध रूप से रखे गए लगभग 1000 किलो महुआ लाहन को जप्त किया गया। मौके पर महुआ लाहन के नमूने लेकर शेष लाहन को नियमानुसार नष्ट किया गया। म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई, जांच जारी उक्त कार्रवाई के दौरान म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च) के तहत कुल 04 प्रकरण कायम कर विवेचना में लिए गए हैं। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## 28 से चलेगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

छिन्दवाड़ा। जिले में आगामी राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन को लेकर सोमवार को कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 28 से 30 जून तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गोन्नाडे ने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा। अभियान के तहत जिले के लगभग 2 लाख 33 हजार 224 बच्चों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.पुष्पारानी सिंह ने जानकारी दी कि अभियान के लिए जिले में 2,075 पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे, जहां 2,241 वैक्सीनेटरों की तैनाती रहेगी। इनके कार्यों की निगरानी के लिए 261 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं।

## 12 से मुख्यालयों पर आयोजित होंगे 'जनकल्याण शिविर'

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 12 से 18 जून की अवधि में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर 03 दिवसीय 'जनकल्याण शिविर' आयोजित किये जाएंगे। इन शिविरों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी इन शिविरों का जिले में सफल आयोजन सुनिश्चित कराएं। जिला मुख्यालय स्तर से भी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए। जिले में संचालित केन्द्र एवं राज्य शासन की प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं (सेचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित) के पात्र किन्तु वंचित हितग्राहियों की पहचान विभागीय मैदानी अमले के सहयोग से कर उनका पंजीयन, स्वीकृति एवं लाभ वितरण की कार्यवाही प्राथमिकता से की जाए। साथ ही विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) के लिये भी हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर उनका पंजीयन एवं निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# निगम ने की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, पुनः अतिक्रमण करने पर होगी जब्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



नगर निगम आयुक्त सी. पी. राय के निर्देशानुसार बड़बन क्षेत्र में अतिक्रमण कर स्थापित की गई लगभग 10 गुमटियों को हटाया गया। साथ ही संबंधित व्यक्तियों को मुनादी/अनाउंसमेंट के माध्यम से सूचित किया गया कि उक्त स्थल पर पुनः गुमटी अथवा किसी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाए। पुनः अतिक्रमण पाए जाने की स्थिति में जब्ती एवं नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त परासिया रोड स्थित डॉ. नाहर के सामने से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। वहीं व्ही.आई.पी. रोड, खजरी चौराहा से वृद्धाश्रम रेलवे क्रॉसिंग तक सभी फुटकर व्यापारियों को मुनादी/अनाउंसमेंट के माध्यम से अपने द्वारा सड़क पर किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटाने हेतु निर्देशित एवं सूचित किया गया। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समयावधि में अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार सामग्री जब्त की जाएगी।

## 11 एमएलडी डब्ल्यूटीपी में सफाई एवं पाइपलाइन संधारण कार्य के कारण दो दिन जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

छिंदवाड़ा। आगामी वर्षा ऋतु में नगरवासियों को स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 एमएलडी जल शोधन संयंत्र (**WTP**) के क्लेरिफ्लोक्युलेटर की सफाई का कार्य दिनांक 10 जून 2026 को किया जाएगा। इसके साथ ही कन्हारगांव डैम से आने वाली पुरानी ग्रेविटी पाइपलाइन में जलापूर्ति को सुचारू बनाए रखने हेतु विभिन्न स्थानों पर लीकेज सुधार एवं संधारण कार्य भी किया जाएगा। उक्त कार्यों के चलते नगर के कुछ क्षेत्रों में बुधवार एवं गुरुवार, 10 एवं 11 जून 2026 को जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में चंदनगांव पंप हाउस कॉलोनी, डी.डी.सी. पानी टंकी क्षेत्र, गुलाबरा क्षेत्र, सब्जी मंडी पानी टंकी से जलापूर्ति होने वाले क्षेत्र, साउथ सिविल लाइन चौक से पंचशील कॉलोनी, गीता नगर, शनिचरा बाजार टंकी से लालबाग, चूनाभट्टा, डी. नेमा वाली गली, गांधीगंज, नई आबादी, रेलवे स्टेशन के सामने का क्षेत्र, गुलजार नगर, सिवनी रोड, नूरी टेंट वाली गली, सुकलू ढाना, सर्रा, इमलीखेड़ा चौक, इमलीखेड़ा बस्ती एवं थूनियाभांड शामिल हैं।

# शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर 11वें दिन भी जारी रहा आंदोलन

## सप्तखंजरी वादक व्यंगकार तुषार सूर्यवंशी का हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

पीपला-नारायण मार्ग स्थित बस स्टैंड से शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन सोमवार को 11वें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया जाता, तब तक उनका संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

पूर्व में किए गए चक्का जाम आंदोलन से सफलता न मिलने पर आंदोलनकारियों ने अपनी रणनीति बदलते हुए अब विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का मार्ग अपनाया है। आंदोलन के 10वें दिन धरना स्थल पर नशा मुक्ति के संदेश के साथ एक भव्य प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध सत्यपाल महाराज के शिष्य एवं राष्ट्रीय प्रबोधनकार तुषार सूर्यवंशी ने अपनी ओजस्वी वाणी से समां बांधा। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमाओं के पूजन से हुआ। इस अवसर पर विधायक विजय चौरे, पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष अशोक चौधरी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश चौधरी और नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता चौधरी ने एक स्वर में प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शराब दुकान को तत्काल प्रभाव से हटाने की पुरजोर मांग की। प्रवचन के दौरान तुषार सूर्यवंशी महाराज ने शराब से होने वाले शारीरिक, आर्थिक और पारिवारिक नुकसान पर तीखे प्रहार किए।

## सांसद के प्रयासों से पांढुर्णा में मिला रीवा से हैदराबाद चलने वाली ट्रेन का स्टॉपेज

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों के बाद रीवा से हैदराबाद के बीच चलने वाली रीवा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज पांढुर्णा रेलवे स्टेशन में मिल गया है। अब जल्द ही यह ट्रेन पांढुर्णा रेलवे स्टेशन में भी रूकेगी।



इसका लाभ रीवा और हैदराबाद की ओर यात्रा करने वाले पांढुर्णा जिले के निवासियों को मिल सकेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद बंटी विवेक साहू को पत्र लिखकर रीवा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के पांढुर्णा रेलवे स्टेशन में स्टॉपेज शुरू करने की जानकारी दी है।

उल्लेखनीय है कि पांढुर्णा वासियों के द्वारा लंबे समय से पांढुर्णा रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की जा रही हैं। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने विगत दिनों दिल्ली प्रवास के दौरान रेल व सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रीकी व सूचना प्रोद्योगिकी के केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करते हुए छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में रेल यात्रियों की सुविधाओं, नई ट्रेनों के संचालन और ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर चर्चा करते हुए पत्र सौंपा था। इस दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद बंटी विवेक साहू को रेल यात्रियों की सुविधा बढ़ाने, नई ट्रेनों के संचालन सहित ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया था।

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों के बाद अब पांढुर्णा जिलेवासियों को रीवा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के पांढुर्णा रेलवे स्टेशन में स्टॉपेज की सौगात मिल गयी है। अब जल्द ही रेलवे द्वारा पांढुर्णा स्टेशन में रीवा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज की समय सारणी जारी की जाएगी। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में रेल यात्रियों की सुविधा बढ़ाने, नई ट्रेनों के संचालन सहित ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे है। पांढुर्णा रेलवे स्टेशन में अन्य ट्रेनों के स्टॉपेज के प्रयास जारी हैं, जल्द ही अन्य ट्रेनों का स्टॉपेज भी शुरू हो सकेगा।

## सांसद ने उच्च शिक्षा मंत्री, शिक्षा व परिवहन मंत्री सहित भाजपा संगठन के प्रदेश प्रभारी से की भेंट

# सांसद ने जिले के विकास को लेकर भोपाल में की मंत्रियों से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के विकास को लेकर कृत संकल्पित सांसद बंटी विवेक साहू दिल्ली एवं भोपाल प्रवास के दौरान लगातार मंत्रियों से मुलाकात करते हुए दोनों जिलों में करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत करवा रहे है।

इसी के तहत सोमवार को भोपाल प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार,परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं भाजपा संगठन के प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह से मुलाकात की है। उल्लेखनीय है कि भोपाल के प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार से मुलाकात करते हुए छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के शीघ्र निर्माण को लेकर चर्चा करते हुए राशि स्वीकृत करने का निवेदन किया है। उन्होंने इस दौरान उच्च शिक्षा को लेकर मंत्री श्री परमार से विस्तृत चर्चा करते हुए जनहित से जुडे. विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर बात की है।

इस दौरान मंत्री उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार ने सांसद बंटी विवेक साहू का हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। भोपाल प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्री उदय प्रताप सिंह से मुलाकात करते हुए छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में संचालित जर्जर स्कूलों की जानकारी देते हुए इनके शीघ्र मरम्मत करवाने का निवेदन किया है साथ ही दोनों जिलों में छूटे हुए विकासखण्डों में सीएम राईज स्कूल खोलने का निवेदन किया है।

उन्होंने मुलाकात के दौरान जिले के समग्र विकास, अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण,शिक्षा की गुणवत्ता में वृध्दि तथा परिवहन सुविधाओं के विस्तार जैसे जनहित एवं विकास से जुड़ें विषयों पर विस्तार से चर्चा की है। इस दौरान मंत्री उदय प्रताप सिंह ने सांसद बंटी विवेक साहू को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। भोपाल प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने भाजपा संगठन के प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह से भी मुलाकात करते हुए संगठन को लेकर विस्तृत चर्चा की है।

उन्होंने इस दौरान संगठन प्रभारी महेन्द्र सिंह को दोनों जिलों में संगठन द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए संगठन की आगामी गतिविधियों से भी अवगत कराया है।



# सीसी रोड के बाद सामने आया पक्का फर्श एवं शेड निर्माण का फर्जीवाड़ा

## निर्माण शुरू होने के पूर्व ही प्रोफाइल सीट के नाम पर निकाल ली राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया सेक्टर की ग्राम पंचायत मानकादेई एक बार फिर निर्माण कार्यों और कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चर्चाओं में है। पंचायत के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत सचिव स्वयं को जनपद पंचायत से भी ऊपर मानते हैं और अधिकारियों के संरक्षण के कारण वर्षों से मनमाने तरीके से कार्य करते आ रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों के चहेते होने का लाभ सचिव को लगातार मिलता रहा है, जिसके चलते पंचायत में कई संदिग्ध निर्माण कार्य और वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं।ग्रामीणों के अनुसार मानकादेई पंचायत में पदस्थ होने के बावजूद सचिव को निकटवर्ती पंचायतों के बजाय ग्राम पंचायत पांडूपिपरिया का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया था। आरोप है कि इस दौरान वहां भी बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की गईं। सबसे चर्चित मामला मोक्षधाम परिसर में बनाई गई कथित रूप से अनावश्यक रिटर्निंग वॉल का रहा, जिसकी शिकायत पंचायत के सभी पंचों ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से की थी। बावजूद इसके शिकायत पर न तो कोई जांच हुई और न ही कोई कार्रवाई सामने आई, जिससे सचिव के प्रभाव और पहुंच को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं।

जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि पंचायत सचिव की पसंद के अनुसार ही निर्माण कार्यों के प्रस्ताव तैयार किए जाते हैं। उपयंत्री और सहायक यंत्री बिना तकनीकी आवश्यकता का गंभीर परीक्षण किए निर्माण कार्यों के एस्टीमेट और तकनीकी स्वीकृतियां प्रदान कर देते हैं। वर्तमान में मानकादेई पंचायत के नींबू ढाना में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं।जानकारी के अनुसार 17 मई 2026 को पांचवें राज्य वित्त आयोग की राशि से 5 लाख 48 हजार रुपये की लागत से पक्का फर्श एवं शेड निर्माण का एस्टीमेट तैयार किया गया।

आरोप है कि यह कार्य आवश्यकता के बजाय वित्तीय लाभ के उद्देश्य से स्वीकृत कराया गया। सबसे गंभीर आरोप यह है कि निर्माण कार्य पूर्ण रूप से शुरू होने से पहले ही पाइप और प्रोफाइल शीट की सामग्री के नाम पर भुगतान निकाल लिया गया, जबकि मौके पर हाल ही में केवल शेड का ढांचा खड़ा किया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस निर्माण कार्य में किए गए भुगतान और सामग्री की जांच कराई जाए तो कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। उनका आरोप है कि इस पूरे मामले में पंचायत सचिव के साथ-साथ संबंधित उपयंत्री और सहायक यंत्री की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है। क्षेत्र के लोगों ने निर्माण कार्यों की तकनीकी और वित्तीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम एवं परियोजना कार्य की मौखिक परीक्षा सम्पन्न




**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।इसी क्रम में विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों के लिए परियोजना कार्य की मौखिक परीक्षा का भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों के शोध एवं प्रायोगिक ज्ञान का मूल्यांकन किया।मौखिक परीक्षा में अर्थशास्त्र विषय के लिए डॉ. बलराम सिंगोतिया, एन.एस.एस. एवं हिंदी विषय के लिए डॉ. रामनाथ झारिया, भूगोल विषय की विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता वाशिंगटन तथा समाजशास्त्र विषय के लिए डॉ. ज्योति सूर्यवंशी द्वारा विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया गया।परीक्षा एवं कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने-अपने विषयों से संबंधित परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा। प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव भी प्रदान किए गए।महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता एवं व्यावहारिक ज्ञान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## लोकशाहिर अण्णाभाऊ साठे की प्रतिमा स्थापना की मांग

**सौंसर।** साहित्यसम्राट अण्णाभाऊ साठे की प्रतिमा स्थापना को लेकर अण्णाभाऊ साठे समिति सौसर द्वारा सोमवार को नगर पालिका परिषद में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती डागा ,सीएमओ,मौसम पालेवार के साथ प्रतिमा स्थापना की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि नगर पालिका द्वारा प्रतिमा स्थापना हेतु आवश्यक प्रस्ताव और एस्टीमेट (प्राक्कलन) पूर्ण रूप से तैयार कर लिया गया है। इस प्रक्रिया को गति देने के लिए एक ठोस रणनीति बनाई गई है। नपा सौसर अध्यक्ष श्रीमती डागा ने आश्वस्त किया कि वे स्वयं इस संपूर्ण फाइल को जिला कलेक्टर, पांढुर्णा एवं नगर विकास विभाग, भोपाल के आयुक्त को व्यक्तिगत रूप से सौंपेंगी। साथ ही परियोजना को शीघ्र स्वीकृति दिलाने के लिए एक फाइल नगर निकाय विकास मंत्री को भी प्रेषित की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रतिमा स्थापना कार्य में आउटसोर्सिंग एवं जन भागीदारी (क्राउडफंडिंग) के माध्यम से भी समिति द्वारा अतिरिक्त सहयोग राशि जुटाई जाएगी, ताकि कार्य में किसी प्रकार की वित्तीय बाधा न आए। बैठक में साहित्यसम्राट अण्णाभाऊ साठे समिति सौसर अध्यक्ष दुर्गेश सनेसर, धनराज वाघमारे, सुधाकर सनेसर, प्रवीण सनेसर, सहसचिव जितेंद्र वानखड़े, मार्गदर्शक चंदू सनेसर, कैलाश वानखड़े, सागर सनेसर एवं सदस्य सुधीर सनेसर, संतोष इंगले, अरविंद इंगले, बिट्टू खडसे, पीयूष इंगले, विलास तेलंगे, अनिल सनेसर, बबन सनेसर आदि उपस्थित रहे।

## मुख्य मार्ग बंद होने की आशंका पर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**पिपलानारायणवार।** नगर के वार्ड क्रमांक 13 के निवासियों ने अपनी मूलभूत सुविधाओं की रक्षा के लिए मोर्चा खोल दिया है। वार्ड के मुख्य मार्ग (गली) को बंद कर वहां काम्प्लेक्स निर्माण किए जाने की प्रस्तावित योजना के विरोध में ग्रामीणों ने नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सोमवार को नपा कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है।वार्ड वासियों का कहना है कि यह गली उनके लिए केवल एक रास्ता नहीं, बल्कि जीवन की एक अहम जरूरत है। इसी मार्ग से वार्ड के निवासियों का आवागमन होता है। साथ ही, यह रास्ता सौसर-पांढुर्णा मार्ग और स्थानीय स्टेट बैंक की शाखा तक जाने का प्रमुख शॉर्टकट है, जिसका उपयोग वार्ड-13 के अलावा आसपास के दो-तीन अन्य वार्डों की जनता भी करती है। ग्रामीणों ने एक स्वर में चेतावनी दी है कि यदि इस सार्वजनिक मार्ग को बंद किया गया, तो वार्डवासी इसका कड़ा विरोध करेंगे। ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने जब अपनी समस्या से मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अवगत कराया।

# विषैले सर्प के काटने से गंभीर हुई सात माह की गर्भवती

## गर्भस्थ शिशु को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले के विकासखंड हर्रई के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर चूरीखूर्द के अंतर्गत आने वाले ग्राम मटिया निवासी श्रीमती राजकुमारी पति श्री दसमान, उम्र 20 वर्ष, लगभग सात माह की गर्भवती थीं। गर्भावस्था के दौरान वे एनीमिया से पीड़ित थीं। सीएचओ एवं एएनएम द्वारा नियमित एएनसी जांच, परामर्श, आयरन-फोलिक एसिड सेवन तथा आयरन इंजेक्शन के माध्यम से महिला का हीमोग्लोबिन 8.9 ग्राम से बढ़ाकर 10 ग्राम तक पहुंचाया गया। महिला की नियमित निगरानी की जा रही थी।

दिनांक 05 जून 2026 की रात महिला घर के बाहर जमीन पर सो रही थी। इसी दौरान उसे एक विषैले सांप ने काट लिया, जिसके बाद उसकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी। लगातार तेज उल्टियां होने लगीं, शरीर में दर्द बढ़ गया, आंखों की रोशनी प्रभावित होने लगी, मुंह से झाग आने लगा तथा शरीर में जकड़न जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। गर्भवती महिला एवं उसके गर्भस्थ शिशु दोनों का जीवन संकट में पड़ गया।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम मटिया की आशा कार्यकर्ता श्रीमती उन्निता काकोड़िया ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस को सूचना दी और महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्रई पहुंचाया।

सीएचसी हर्रई में महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बीएमओ डॉ. रानी वर्मा द्वारा तत्काल प्राथमिक उपचार प्रारंभ किया गया तथा एंटी स्नेक वेनम (ए. एस.वी.) लगाया गया। महिला की गंभीर अवस्था को देखते हुए बीएमओ डॉ. वर्मा ने जिला अस्पताल से तत्काल समन्वय स्थापित किया। सिविल सर्जन डॉ. सुशील दुबे तथा एम्बुलेंस समन्वय के लिए डॉ. वासनिक से चर्चा कर तत्काल उन्नत जीवन रक्षक सुविधा उपलब्ध कराई गई और महिला को बिना समय गंवाए आईसीयू सुविधा के लिए रेफर कर जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा पहुंचाया गया ।

जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गहन उपचार एवं सतत निगरानी की गई। समय पर एंटी स्नेक वेनम, त्वरित रेफरल, बेहतर समन्वय एवं विशेषज्ञ चिकित्सा के कारण महिला की स्थिति में लगातार सुधार हुआ। उपचार के दौरान मां और गर्भस्थ शिशु दोनों को सुरक्षित रखा गया। आज महिला एवं उसका गर्भस्थ शिशु दोनों स्वस्थ हैं तथा चिकित्सकों द्वारा उन्हें सुरक्षित अवस्था में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। यह सफलता की यह कहानी दर्शाती है कि जब आशा कार्यकर्ता, सीएचओ, चिकित्सक, एम्बुलेंस सेवा, जिला प्रशासन एवं अस्पताल की टीम समन्वित रूप से कार्य करती है, तब अत्यंत गंभीर परिस्थितियों में भी जीवन बचाया जा सकता है।

## शिवानी ने एमबीबीएस परीक्षा में हासिल किया गोल्ड मेडल

**सौंसर।** सौंसर की प्रतिभाशाली बेटी डॉ. शिवांशी श्रीवास्तव ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए अपने परिवार और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। डॉ. शिवांशी ने एमबीबीएस की परीक्षा में न केवल सफलता प्राप्त की, बल्कि गोल्ड मेडल हासिल कर युवाओं के लिए प्रेरणा का एक नया अध्याय लिखा है। देवास स्थित अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एमपीएमस्यू) में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह के दौरान डॉ. शिवांशी को औपचारिक रूप से एमबीबीएस की उपाधि से सम्मानित किया गया। शैक्षणिक सत्र 2020-21 में अपने असाधारण शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए उन्हें गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर उत्कृष्टता का परिणाम है। डॉ. शिवांशी की प्रारंभिक शिक्षा सौंसर के सुभाष मॉन्टेसरी पब्लिक स्कूल में हुई। बचपन से ही मेधावी और अनुशासित रहीं डॉ. शिवांशी ने अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर परिश्रम को अपना मूल मंत्र बनाया। उनकी यह शैक्षणिक यात्रा अन्य छात्रों के लिए भी एक आदर्श है। डॉ. शिवांशी, रेमंड लिमिटेड में कार्यरत गंगाधर श्रीवास्तव और श्रीमती अरुणा श्रीवास्तव की सुपुत्री हैं। अपनी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बाद, डॉ. शिवांशी अब चिकित्सा क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर की पढ़ाई की तैयारी कर रही हैं। उनकी यह सफलता विशेष रूप से क्षेत्र की उन बेटियों के लिए एक बड़ा उदाहरण है।



# मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की मासिक बैठक संपन्न, नीरज वर्मा का हुआ अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध राज्य के सबसे बड़े कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की मासिक बैठक प्रणय श्रीवास्तव संरक्षक मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की अध्यक्षता एवं अशोक बिसेन जिलाध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के मुख्य आतिथ्य में संगठन के कार्यालय में सम्पन्न हुई जिसमें अमरकंटक अभ्यास वर्ग के संस्मरण की प्रस्तुति, जिला इकाई की गतिविधियों, कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण, आठवें वेतनमान के शीघ्र प्रभावीकरण,केंद्र के समकक्ष मंहगाई भत्ता, अध्यापक वर्ग के वेतनमान एवं पेंशन योजना के संबंध में, कृषि विभाग के एवं फील्ड में सेवा कार्य कर रहे कर्मचारियों की उपस्थिति में भौतिक व्यवधान, छात्रावास में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी की समस्याओं संगठन की वार्षिक एवं आजीवन सदस्यता के साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समस्त स्वत्वों के समय पर भुगतान आदि पर संगठन के जिला अध्यक्ष अशोक बिसेन ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक के पश्चात संगठन के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य नीरज वर्मा की सेवा निवृत्ति पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ परिवार की ओर से शाल श्रीफल भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया गया एवं उनके निवास पर पहुंच कर उन्हें सेवा निवृत्त कर्मचारी अधिकारी महा संघ का आजीवन सदस्य बनाया गया।इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संघ के संरक्षक प्रणय श्रीवास्तव , जिला अध्यक्ष अशोक बिसेन,तहसील अध्यक्ष विजय दखने, सचिव दिलेश खंडेलकर सेवा निवृत्त कर्मचारी अधिकारी महा संघ के जिला मंत्री पंचम हनवत, अध्यक्ष के.के.चौधरी, विशाल वाहने, दुलीचंद कावड़े, जिला कार्यालय मंत्री जितेंद्र कुमार नकासे,निलेश नेमा, एवं सेवा निवृत्त सहायक शिक्षक राज्य कर्मचारी संघ के संस्थापक सदस्य नीरज वर्मा सपरिवार उपस्थित थे।

# गांव तालाब की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्राम सभा आयोजित, तहसीलदार को भेजा जाएगा आवेदन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोनकट्टा में गांव के तालाब की शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण के कारण तालाब का क्षेत्र सिकुड़ गया है और वर्षा जल संचयन की क्षमता कम हो गई है। इसके अलावा तालाब का स्वरूप बिगड़ रहा है। इस समस्या के समाधान और तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए सोमवार दोपहर 3 बजे पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा में पंचायत सरपंच भीमलता हांडगे, सचिव रामराज उचबगले और रोजगार सहायक प्रवीण झोडे उपस्थित रहे। सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर तालाब की अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने और तालाब का सौंदर्यीकरण करने का निर्णय लिया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए तिरोड़ी तहसीलदार के नाम आवेदन तैयार किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब गांव की जीवनरेखा है। अगर अतिक्रमण नहीं हटा तो आने वाले समय में पानी की किल्लत बढ़ जाएगी। बोनकट्टा गांव का तालाब राजस्व रिकॉर्ड में शासकीय भूमि के रूप में दर्ज है। वर्षों से यह तालाब गांव के खेतों की सिंचाई, पशुओं को पानी पिलाने और भूजल स्तर बनाए रखने का मुख्य स्रोत रहा है। लेकिन पिछले कुछ समय से गांव के ही कुछ लोगों ने तालाब की किनारे वाली शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार अतिक्रमणकारियों ने तालाब की सीमा में मिट्टी डालकर, बाड़ लगाकर और अस्थायी निर्माण कर अपनी जमीन बढ़ा ली है। इससे तालाब का क्षेत्रफल काफी कम हो गया है। बरसात में पानी भरने की जगह कम हो गई है। गांव के एक बुजुर्ग ने कहा कि हमारे बचपन में यह तालाब बहुत बड़ा था। चारों तरफ पेड़ थे। अब अतिक्रमण के कारण तालाब आधा रह गया है। अगर इसी तरह अतिक्रमण बढ़ता रहा तो 10 साल बाद तालाब का नामोनिशान मिट जाएगा। अतिक्रमण की शिकायतें बढ़ने पर पंचायत सरपंच भीमलता हांडगे ने ग्राम सभा बुलाने का निर्णय लिया। सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, और युवा उपस्थित हुए। सरपंच भीमलता हांडगे ने सभा की अध्यक्षता की। सचिव रामराज उचबगले ने बताया कि तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए मनरेगा और राज्य वित्त आयोग से राशि ली जा सकती है, लेकिन पहले अतिक्रमण हटाना जरूरी है। सभा में ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि अतिक्रमण तुरंत हटाया जाए। जो लोग अतिक्रमण किए हुए हैं उन्हें पंचायत की समझाइश माननी चाहिए। अगर वे नहीं मानते तो प्रशासन को बलपूर्वक कार्रवाई करनी चाहिए।

सरपंच ने कहा कि तहसीलदार महोदय से निवेदन करेंगे कि राजस्व अमले को भेजकर सीमांकन कराया जाए और अवैध अतिक्रमण हटवाया जाए। यह शासकीय भूमि है, किसी की निजी संपत्ति नहीं है। सभा में उपस्थित लोगों ने चिंता जताई कि तालाब का क्षेत्रफल घटने से गांव में पानी की समस्या बढ़ सकती है। ग्रामीणों के अनुसार पहले तालाब में सालभर पानी रहता था। अब फरवरी आते ही सूख जाता है। इसका कारण अतिक्रमण है। तालाब छोटा हो गया है तो पानी कम भरता है। सरपंच भीमलता हांडगे ने सभा के माध्यम से अतिक्रमणकारियों से अपील की है कि वह स्वेच्छा से तालाब की भूमि खाली कर दें। पंचायत किसी से दुश्मनी नहीं करना चाहती। तालाब पूरे गांव का है। उन्होंने कहा अगर अतिक्रमणकारी खुद कब्जा हटा लेंगे तो पंचायत उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं करेगी। लेकिन अगर जबरन कार्रवाई करनी पड़ी तो जुर्माना और दंड दोनों झेलना पड़ेगा।

# लाखों का राजस्व, बदबू का उपहार! बिसोनी बाजार की बदहाली पर भड़के वार्डवासी, आंदोलन की चेतावनी

### नगर परिषद की लापरवाही से सड़ांध में तब्दील हुआ साप्ताहिक बाजार, मटन-मछली के अवशेषों से त्रस्त लोग बोले- अब नहीं सहेंगे उपेक्षा



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बिसोनी के वार्ड क्रमांक 10 में संचालित साप्ताहिक बाजार इन दिनों गंदगी, दुर्गंध और अव्यवस्थाओं का केंद्र बन गया है। विडंबना यह है कि इस बाजार से लांजी नगर परिषद हर वर्ष लाखों रुपये का राजस्व अर्जित करती है, लेकिन बाजार परिसर की साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि स्थानीय रहवासी अब खुलकर नगर परिषद के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद बाजार का ठेका देकर अच्छी-खासी आय तो प्राप्त कर रही है, लेकिन बाजार क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के प्रति कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही। ग्राम पंचायत बिसोनी द्वारा बाजार आने वाले लोगों के लिए हैंडपंप के पास पानी की टंकी और नलों की व्यवस्था की गई है, लेकिन आसपास फैली गंदगी और कचरे के कारण इन सुविधाओं का लाभ भी प्रभावित हो रहा है। रविवार को लगने वाले बाजार के बाद सोमवार तक भी कचरा नहीं उठाया जाता। कई बार तो पूरे सप्ताह बाजार परिसर में गंदगी के ढेर पड़े रहते हैं, जिससे संक्रमण और बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है।

वार्डवासियों की सबसे बड़ी परेशानी मटन और मछली बाजार से फैलने वाली सड़ांध है। बाजार समाप्त होने के बाद भी मांस और मछली के अवशेष खुले में पड़े रहते हैं। तेज धूप और गर्मी में इनकी दुर्गंध पूरे क्षेत्र में फैल जाती है, जिससे आसपास रहने वाले परिवारों का जीवन दुभर हो गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मछली बाजार का गंदा पानी नालियों के अभाव में कई बार घरों तक पहुंच जाता है। इससे न केवल वातावरण प्रदुषित होता है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं।

वार्ड क्रमांक 10 निवासी सालिक रामटेक्कर ने बताया कि यह समस्या आज की नहीं, बल्कि कई वर्षों पुरानी है। वार्डवासियों ने अनेक बार नगर परिषद अधिकारियों को शिकायतें दीं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। किसी भी स्तर पर स्थायी समाधान की दिशा में प्रयास नहीं किए गए। नाराज नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बाजार परिसर की नियमित सफाई, मटन और मछली मार्केट की व्यवस्थित व्यवस्था तथा गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो वार्डवासी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। लोगों का कहना है कि स्वच्छता के बड़े-बड़े दावों के बीच बिसोनी बाजार की यह तस्वीर जिम्मेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

### मंडल कार्यकारिणी का गठन करसमाजोत्थान, संगठनात्क मजबूती एवं विकास पर दिया गया विशेष जोर

# अखिल भारतीय गढ़वाल समाज पांढ़रवानी मंडल की बैठक एवं निर्वाचन कार्यवाही संपन्न,शरद धानेश्वर निर्विरोध मंडल अध्यक्ष निर्वाचित



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।**अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मंडल पांढ़रवानी (लाल.)की महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक एवं निर्वाचन कार्यवाही रविवार,07 जून 2026 दिन रविवार को गढ़वाल समाज मंगल भवन,बड़ी पनबिहरी में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई,कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, सामाजिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक का शुभारंभ ज्ञान एवं विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती एवं समाज के संस्थापक स्वर्गीय मुरारीलाल जी ब्रम्हे के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं का तिलक-वंदन कर आत्मीय स्वागत किया गया।

बैठक के दौरान निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद बनवाले एवं श्री पीयूष ब्रम्हे द्वारा पूर्व में दिनांक 26 मई 2026 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों एवं संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि मंडल अध्यक्ष पद हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 26 मई से 30 मई 2026 तक नामांकन पत्र जमा करवाये गए,जबकि 31 मई से 01 जून 2026 तक नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न हुई। इसके उपरांत 02 जून को चुनाव चिन्ह वितरण एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया तथा 02 जून से 06 जून 2026 सायं 7 बजे तक चुनाव प्रचार का समय निर्धारित था। वहीं 07 जून को प्रातः 7 बजे मतदान प्रस्तावित था।निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष पद हेतु दो नामांकन प्राप्त हुए,जिनमें शरद धानेश्वर एवं देवेंद्र बनवाले शामिल थे। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दिनांक 01 जून 2026 को देवेंद्र बनवाले द्वारा अपना नामांकन वापस लेने के उपरांत अध्यक्ष पद हेतु केवल एक प्रत्याशी शेष रहने पर निर्वाचन नियमों के तहत शरद धानेश्वर को निर्विरोध मंडल अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।07 जून को आयोजित बैठक में निर्वाचन अधिकारी द्वारा इसकी औपचारिक घोषणा की गई। घोषणा के पश्चात उपस्थित समाजबंधुओं ने तालियों एवं शुभकामनाओं के साथ नव-निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत करते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु कार्यवाहक अध्यक्ष एवं निर्वाचन समिति का आभार व्यक्त किया तथा सम्मान स्वरूप आभार प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही निर्वाचन अधिकारियों द्वारा नव-निर्वाचित मंडल अध्यक्ष शरद धानेश्वर को निर्वाचन प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। इसके उपरांत नव-निर्वाचित मंडल अध्यक्ष शरद धानेश्वर द्वारा सत्र 2026–2027 हेतु नवीन मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

**खबर संक्षेप**

### पिछड़ा वर्ग विभाग की बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग जिला इकाई सिवनी की एक आवश्यक बैठक दिनांक 9 जून 2026 दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में आयोजित की गई है। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी एवं अन्य वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहेंगे।
संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद यादव ने उक्तशय की जानकारी देते हुए समस्त पदाधिकारीयो एवं समस्त सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### पांच दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग का शुभारम्भ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत की योजना अनुसार सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में पांच दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन दिनांक 8जून 2026 से 12जून 2026 तक किया गया है । प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ समारोह विद्यालय व्यवस्थापक नूपेश ठाकुर, प्राचार्य ओम प्रकाश यादव एवं पाली प्रभारी जितेंद्र कुमार सोनी की उपस्थिति में आयोजित किया गया । उद्घाटन समारोह में बोलते हुए विद्यालय व्यवस्थापक नुपेश ठाकुर ने समस्त आचार्य परिवार से इस अभ्यास वर्ग के समय का अधिकतम सदुपयोग करने का आग्रह किया । उपरोक्त आचार्य अभ्यास वर्ग में परिषद के निर्देशानुसार एवं दिए गए पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षकों द्वारा आचार्य परिवार को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा । अभ्यास वर्ग में प्रतिदिन वंदना,गीत, प्रातः स्मरण, एकात्मक स्त्रोत, मॉड्यूल निर्माण, पी पी टी निर्माण,शिक्षण में आई सी टी का प्रयोग,शिक्षण युक्ति, शारीरिक, शैक्षिक खेल,व्यायाम योग, पंचपदी शिक्षण पद्धति,स्मार्ट बोर्ड, प्रोजेक्टर,एवं पाठ योजना का निर्माण आदि विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ।

### सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर सिवनी पुलिस का विशेष प्रशिक्षण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिंहस्थ-2028 में पुलिस बल की प्रभावी एवं जनहितैषी भूमिका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार सिवनी में आयोजित छह दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण के प्रथम बैच का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।
प्रशिक्षण के अंतिम दिवस प्रशिक्षुओं ने जिला पुलिस लाइन में हार्टफुलनेस ध्यान का अभ्यास किया। इसके बाद कंट्रोल रूम सिवनी में निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे एवं उपनिरीक्षक संजीव मिश्रा द्वारा सॉफ्ट स्किल्स, इमोशनल इंटेलिजेंस, संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।
प्रशिक्षण के दौरान सिंहस्थ मेले में आने वाले विभिन्न भाषाई एवं सांस्कृतिक समूहों के साथ व्यवहार, बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों, साधु-संतों एवं दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता तथा पुलिस की पेशेवर कार्यकुशलता पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने भीड़ नियंत्रण के पारंपरिक दृष्टिकोण के स्थान पर जन-प्रबंधन (पब्लिक मैनेजमेंट) की मनोवैज्ञानिक अवधारणा को विस्तार से समझाया।
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शुभम राय एवं विशेषज्ञ डॉ. वैभव तिवारी द्वारा सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) जीवन रक्षा प्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। प्रशिक्षुओं की समझ को और बेहतर बनाने के लिए उज्जैन मेला क्षेत्र से संबंधित कर्तव्यों पर आधारित फिल्म एवं पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किए गए। प्रशिक्षण में होमगार्ड, रेडियो, एसबी एवं पुलिस विभाग के कुल 42 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की तथा समापन पर अपना फीडबैक एवं पंजीकरण प्रस्तुत किया।

# हर घर जल से बदली ग्राम अलोनिया की तस्वीर, जल जीवन मिशन बना खुशहाली का आधार

विकासखंड सिवनी की ग्राम पंचायत अलोनिया कभी पेयजल संकट से जूझने वाला गांव था। लगभग 647 की आबादी वाले इस गांव में लोगों को पानी के लिए दूर-दराज के स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। गर्मी के दिनों में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती थी। महिलाओं और बच्चों का काफी समय पानी लाने में व्यतीत होता था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

लेकिन अब जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित बंडोल ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना ने गांव की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी हैं। योजना के तहत ग्राम अलोनिया में 133 परिवारों को फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन (एफएचटीसी) प्रदान किए गए हैं। गांव में स्थापित ओवरहेड टैंक और सुव्यवस्थित पाइपलाइन नेटवर्क के माध्यम से प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंच रहा है। जल वितरण को व्यवस्थित बनाने के लिए 6 वाल्व और 8 वाल्व चैंबर बनाए गए हैं, जिनके माध्यम से प्रतिदिन निर्धारित समय पर सभी मोहल्लों में जलापूर्ति की जाती है।
गांव में जल की उपलब्धता के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया है और वे नियमित रूप से पानी की जांच कर ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जल उपयोग की निगरानी के लिए वाटर मीटर भी लगाए गए हैं।



योजना के सफल संचालन एवं रखरखाव के लिए गांव में विलेज वाटर एंड सैनिटेशन कमेटी का गठन किया गया है। समिति जल कर संग्रहण, संचालन और रखरखाव का कार्य कर रही है, जिससे योजना का संचालन निरंतर और प्रभावी रूप से हो रहा है। ग्रामीणों की सहभागिता ने इस योजना को और अधिक मजबूत बनाया है।
जल जीवन मिशन का प्रभाव केवल पानी की उपलब्धता तक सीमित नहीं रहा है। गांव के माध्यमिक विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्रों में भी अब पर्याप्त पानी उपलब्ध है। पहले जहां पानी की समस्या के कारण बच्चों और महिलाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, वहीं अब समय की बचत हो रही है और दैनिक जीवन अधिक सुविधाजनक बन गया है।
ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। पहले पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता था, जबकि अब घर पर ही नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इससे न केवल श्रम और समय की बचत हुई है, बल्कि स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार आया है।
ग्राम अलोनिया आज जल जीवन मिशन की सफलता का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया है। सामुदायिक सहभागिता, महिलाओं की सक्रिय भागीदारी, नियमित जल गुणवत्ता परीक्षण और प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से गांव ने यह साबित किया है कि जनभागीदारी और बेहतर योजना क्रियान्वयन से हर घर तक जल पहुंचाने का सपना साकार किया जा सकता है। ग्राम अलोनिया की यह कहानी वास्तव में "हर घर जल" से "हर घर खुशहाल" बनने की कहानी है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से आठ वर्षीय बालक की मौत

**सिवनी। जिले के किंदरई थाना क्षेत्र के ग्राम सेलवाड़ा में सोमवार सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई। यह घटना ईंट भराई के दौरान हुई, जब बालक ट्रॉली की चपेट में आ गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 9 बजे ग्राम सेलवाड़ा में निर्माण कार्य के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंटें भरी जा रही थीं। इसी दौरान किसी कारणवश ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और वह अचानक पलट गई।पास में मौजूद 8 वर्षीय बालक अरुण मारवी, पुत्र दुर्ग मरावी, ट्रॉली की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि बालक को संभलने का मौका नहीं मिला और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना होते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बच्चे को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना किंदरई थाना पुलिस को दी गई।सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर भेजा, जहां पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया गया।
किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र राजपूत ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। टीम हादसे

## समान नागरिक संहिता पर जनपरामर्श बैठक 13 जून को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा जनपरामर्श कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन सिवनी द्वारा 13 जून 2026 को प्रातः 11 बजे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के सभाकक्ष में जनपरामर्श बैठक आयोजित की जाएगी।
बैठक में जनप्रतिनिधियों, प्रमुख नागरिकों, अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य समान नागरिक संहिता के संबंध में समाज के विभिन्न वर्गों के सुझाव एवं विचार प्राप्त करना है, जिससे समिति को व्यापक जनमत उपलब्ध हो सके।
उच्च स्तरीय समिति के सदस्य एवं विधि विशेषज्ञों की उपस्थिति में आयोजित होने वाली इस बैठक में सहभागी अपने सुझाव एवं मत प्रस्तुत कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता कर रचनात्मक सुझाव देने की अपील की है। प्राप्त सुझावों एवं विचारों का उपयोग समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं अनुशंसाओं को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने में किया जाएगा।

## सिवनी पुलिस की तकनीकी सजगता: 20 गुम मोबाइल को ट्रेस कर आवेदकों को लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



नागरिकों को त्वरित एवं तकनीक आधारित सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में सिवनी पुलिस ने एक और सराहनीय पहल की। दिनांक 07.06.2026 को थाना कोतवाली में एसडीओपी सिवनी सचिन परते एवं थाना प्रभारी कोतवाली की उपस्थिति में गुम मोबाइल के आवेदकों को उनके खोए हुए मोबाइल फोन वापस किए गए। आवेदकों द्वारा दूरसंचार विभाग के ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल पर की गई शिकायतों के आधार पर पुलिस टीम तकनीकी आधार पर गुम मोबाइलों को ट्रेस किया। इस अभियान के अंतर्गत कुल 20 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 4,00,000 है, बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे गए। इनमें थाना कोतवाली क्षेत्र के 16 एवं थाना लखनवाड़ा क्षेत्र के 04 गुम मोबाइल शामिल हैं। **मोबाइल प्राप्त करने वाले आवेदकों के नाम** - 1. ऐश्वर्य सदाफल, निवासी कर्वे कॉलोनी, सिवनी 2. रामप्रसाद ब्रम्हे, निवासी बारापत्थर, सिवनी 3. पूनम सनोडिया, निवासी लखनवाड़ा 4. उमाशंकर डेहरिया, निवासी गोपालगंज 5. पंकज सनोडिया, निवासी नदौरा 6. खुशबू साहू, निवासी भीमगढ़, छपारा 7. निखिल सनोडिया, निवासी परतापुर 8. गोसिया खान, निवासी जनता नगर, सिवनी 9. वंदना कंगाले, निवासी झुलेलाल कॉलोनी, सिवनी10. रामेश्वर कुमरे, निवासी पुलिस लाइन, सिवनी 11. शिशिर जैन, निवासी सी.वी. रमन वार्ड, सिवनी 12. लोकमन सनोडिया, निवासी कोहका। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गुम मोबाइल की शिकायत ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल या नजदीकी थाने में दर्ज कराई जा सकती है। सिवनी पुलिस नागरिकों की सेवा में तकनीक का अधिकतम उपयोग कर त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

# जूते-चप्पल की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

सिवनी। जिले के भीमगढ़ चौकी क्षेत्र की भीमगढ़ कॉलोनी में रविवार देर रात जूते-चप्पल की दुकान में भीषण आग लग गई। आग में दुकान का लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास की अन्य दुकानें और मकान सुरक्षित बच गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात स्थानीय निवासियों ने भीमगढ़ कॉलोनी स्थित दुकान से धुआं और आग की लपटें उठते देखीं। आग की भयावहता को देखते हुए उन्होंने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही भीमगढ़ चौकी पुलिस और दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने भी अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती रही।

### दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया

दमकल कर्मियों ने कुछ ही देर में मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक दुकान के भीतर रखा अधिकांश सामान जल चुका था। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहींचल सका है।
प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य तकनीकी खराबी को आग का संभावित कारण माना जा रहा है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यदि आग पर समय रहते नियंत्रण नहीं पाया जाता तो इसकी चपेट में आसपास की अन्य दुकानें और रिहायशी मकान भी आ सकते थे, जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था। आग की घटना के बाद देर रात तक क्षेत्र में लोगों कीभीड़ जमा रही और वे स्थिति पर नजर बनाए रहे।
पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर घटना की जांच शुरू कर दी है। नुकसान का आकलन भी किया जा रहा है। प्रशासन आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटा है। इस घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में चिंता का माहौल है।

## पूर्व सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन ने वरिष्ठ अधिकारियों से सिवनी-बालाघाट के मध्य प्रस्तावित फोरलेन मार्ग एवं सिवनी-कटंगी के मध्य खिड़की घाट पर उच्चस्तरीय पुल के निर्माण के संबंध में भेंट की



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पूर्व सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन द्वारा विगत दिवस भोपाल प्रवास के दौरान भरत यादव (प्रबंध निदेशक, म.प्र.सड़क विकास निगम एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से सिवनी-बालाघाट के मध्य प्रस्तावित फोरलेन मार्ग एवं सिवनी-कटंगी के मध्य खिड़की घाट पर उच्चस्तरीय पुल के निर्माण के संबंध में भेंट की। आपके संसदीय कार्यकाल के दौरान से ही आपके द्वारा सिवनी बालाघाट के मध्य इस फोर लेन मार्ग निर्माण को सिवनी शहर के जीरो माइल से प्रारंभ करने के लिए लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं। चर्चा के दौरान उच्च अधिकारियों द्वारा जानकारी प्राप्त होने पर प्रसन्नता हुई कि सिवनी-बरघाट-बालाघाट के बीच प्रस्तावित फोरलेन मार्ग का निर्माण बरघाट बायपास से शुरू न होकर अब सिवनी के जीरो माईल से ही कराया जाएगा। बरघाट नगर में फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण भी प्रस्तावित है। प्रस्तावित फोर लेन निर्माण कार्य सिवनी बालाघाट के मध्य पूर्व प्रचलित मार्ग को ही चौड़ा कर किया जाएगा। नगझर से खैरीटेक बायपास मार्ग का भी पुनर्निर्माण इसमें सम्मिलित रहेगा। जीरो माइल से निर्माण कार्य के साथ ही बरघाट रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण भी प्रस्तावित है जिसे सेतु बंधन या **MPRDC** द्वारा निर्मित कराया जाएगा। चर्चा के दौरान जानकारी दी गई कि इस मार्ग के निर्माण हेतु शीघ्र ही निकट दिवसों में टेंडर आमंत्रित किये जा रहे है। इसके अतिरिक्त सिवनी से कटंगी के मध्य खिड़की घाट स्थित **Black Spot** पर प्रस्तावित उच्चस्तरीय पुल जिसे मुख्यमंत्री **Dr Mohan Yadav** जी द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है को भी आगामी बजट में सम्मिलित कर लिया जाएगा।

# श्री श्याम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 15 जून से 17 जून तक

## अनेक जजमान एवं कलाकारों द्वारा दी जाएगी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



श्री श्याम बाबा एवं शिव परिवार का भाव प्रमाण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 15 जून से 17 जून तक श्री श्याम मंदिर ऑरेंज सिटी गुरुकुल स्कूल के सामने नागपुर रोड सिवनी में आयोजित किया गया है इस संबंध में समिति के प्रमुख सत्यनारायण अग्रवाल मनीष अग्रवाल प्रकाश अग्रवाल संजय मोदी गुड्डा अग्रवाल रतुल अग्रवाल गंगाधर पाराशर पवन अग्रवाल लखन अग्रवाल विकास अग्रवाल विशाल ईश्वर का दीपक अग्रवाल कान्हा अग्रवाल मनु मोदी की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें 15 जून को प्रातः गणेश गौरी पूजन जल दिवस सुगंधितवास हवन पूजन संगीत में सुंदरकांड पुष्पा दिवस एवं शाम को भजन संध्या भव्य श्रृंगार भव्य दरबार श्याम रसोई रखी गई है इसी तरह 16 जून को प्रातः 10 बजे अन्ना दिवस फलादिवस हवन पूजन कलश एवं निशांत यात्रा दोपहर 4 से निकाली जावेगी शाम 7 से भजन संध्या जलवा मेरे श्याम का एवं श्याम रसोई का आयोजन किया गया है भजन गायक नजफगढ़ श्री बंटू भैया एवं नागपुर के श्याम शुभम जी की उपस्थिति में आयोजित किया गया है 17 जून को प्रातः नित्य देवता पूजन महाभिषेक शिखर कलश एवं कीर्ति स्तंभ स्थापना प्राण प्रतिष्ठा हवन पूजन पूर्ण होती छप्पन भोग एवं दोपहर 1 बजे से भक्ति में नृत्य प्रस्तुति शाम 5 बजे से अरदास नरेश से भजन संध्या पुष्प वर्षा अमृत में श्याम रसोई का आयोजन किया गया है।
आयोजन समिति ने बताया कि यह मंदिर अनेक दृष्टि से महत्वपूर्ण है अक्सर लोग सिवनी में कोई तीर्थ अथवा पर्यटन स्थल को लेकर निराशा रहते थे उनके लिए यह तीर्थ उनकी इच्छा को पूर्ण करने वाला सिद्ध होगा मंदिर का निर्माण करीब एक एकड़ भूमि पर अनुमानित 4 से 5 करोड़ लागत से किया जा रहा है इस मंदिर के निर्माण से पत्थरों का प्रयोग किया जा रहा है लोहे का प्रयोग बिल्कुल भी नहीं किया जा रहा क्योंकि पत्थर से बने मंदिरों की आयु हजारों वर्ष होती है इसलिए मंदिर का निर्माण राजस्थान से ले सुंदर गुलाबी पत्थर सुंदर नक्काशी के द्वारा किया जा रहा है इस मंदिर में। खाटू श्याम जी के अलावा शिव परिवार वीर बालाजी महाराज रानी सती दादी जी एवं राधा कृष्ण जी की प्रतिमाएं भी स्थापित की जावेगी मंदिर के साथ ही गौशाला आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा कक्ष ध्यान केंद्र लाइब्रेरी बच्चों के खेलने के लिए सुंदर गार्डन भजन सत्संग हेतु हाल भोजन प्रसादी कक्षा प्रतिदिन पूजन अर्चन करने वाले पंडितों के आवास हेतु कक्षा भी स्थापित किए जाएंगे इस मध्य भारत का विशाल आकर्षक एवं सुसज्जित मंदिर बनाने का प्रयास किया जा रहा है जिसमें आप सभी भक्तजनों का तन मन धन से सहयोग अपेक्षित है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की निर्वाचन आयुक्त ने की समीक्षा

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टरों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री श्रीवास्तव ने संशोधित कार्यक्रम के अनुरूप मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को अधिक से अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष सावधानी बरती जाए। साथ ही प्राप्त दावे-आपत्तियों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करते हुए पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य के प्रत्येक चरण की सतत निगरानी की जाए तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन सुनिश्चित किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नेहा मीना, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सुनीता खंडायत सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य, प्राप्त दावे-आपत्तियों की स्थिति तथा आगामी कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन 10 जून को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सिवनी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों के लिए मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन 10 जून 2026 को प्रातः 10:00 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, इंद्रांस नगर, फेस-2, प्लॉट क्रमांक 33, हाउस नं. 1297, ज्यारत नाका, अकबर वार्ड, सिवनी में किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास (सेवानिवृत्त) ने जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।
सम्मेलन में विशेष रूप से ग्रेडियर रिकॉर्ड ऑफिस की टीम उपस्थित रहेगी, जिसके माध्यम से भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों की सर्विस पेंशन, पारिवारिक पेंशन तथा अन्य सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं समाधान प्रदान किया जाएगा।
जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ने सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ सम्मेलन में उपस्थित होकर संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें तथा अपनी समस्याओं का त्वरित निराकरण कराएं।

### अपराधियों में दहशत- सिवनी पुलिस की रातभर कॉम्बिंग गश्त

# 138 पुलिसकर्मियों ने कसा शिकंजा, एक ही रात्रि में 77 वारंटी किए गिरफ्तार

**सिवनी।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 06-07 जून 2026 की मध्यरात्रि जिलेभर में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान संचालित किया गया।
इस सघन अभियान में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं थाना स्तर के पुलिस बल सहित कुल 138 से अधिक पुलिसकर्मी मैदान में उतरे। गश्त का मुख्य उद्देश्य सक्रिय बदमाशों, जेल से रिहा अपराधियों, निगरानीशुदा बदमाशों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों पर दबिश देकर उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखना तथा आमजन में सुरक्षा का भाव सुदृढ़ करना था।

### अभियान के दौरान हुई प्रमुख कार्यवाहियाँ

32 स्थायी वारंटी एवं 45 गिरफ्तारी वारंट तामील कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। 51 निगरानी बदमाशों की चेकिंग कर उनके क्रिया-कलापों का सत्यापन किया गया। 56 गुण्डा/हिस्ट्रीशीटर बदमाशों के ठिकानों पर पहुंचकर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली गई एवं उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई। गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, गुण्डा एवं हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर को अद्यतन कर बदमाशों पर सतत निगरानी रखने की व्यवस्था भी सुदृढ़ की गई। इसके साथ ही होटल, ढाबा, लाज एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।
पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु इस प्रकार के सघन अभियान निरंतर जारी रहेंगे। आमजन से अपील है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### 15 जून तक दर्ज करा सकेंगे दावे-आपत्तियां, 18 जुलाई को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार प्रारूप मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियां अब 15 जून 2026 तक स्वीकार की जाएंगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 25 जून 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद संशोधित कार्यक्रम के तहत फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 18 जुलाई 2026 को निर्धारित विहित स्थानों पर किया जाएगा।

### आज कार्यालय में काव्य गोष्ठी का आयोजन महान शायर बशीर बद्र साहब को याद किया जाएगा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** क्रांति सूर्य महा मानव बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 9 जून 2026 दिन मंगलवार को सायं 4.00 बजे से जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर महान दिवंगत शायर स्वर्गीय मशहूर बद्र साहब को भी याद किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए राजीव गांधी पंचायत राज संगठन एवं सुभद्रा कुमारी चैहान स्मृति मंच सिवनी के अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल ने समस्त साहित्य प्रेमियों से इस अवसर पर उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## विधायक विवेक पटेल के नेतृत्व में हजारों की संख्या में पहुंचेंगे कांग्रेसी

# वारासिवनी नपा में व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रदेश के विभिन्न मुद्दों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर पालिका वारासिवनी में कथित रूप से व्याप्त भ्रष्टाचार,व्यापारियों से की जा रही मनमानी वसूली तथा लगातार पेट्रोल-डीजल के बढ़ रहे दाम,गैस,नीट पेपर लीक सहित जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल के नेतृत्व में 9 जून दिन मंगलवार को नगर के जय स्तंभ चौक पर एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के हजारों की संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं किसान विधायक जनसंपर्क कार्यालय पहुंचेंगे।जिसके पश्चात सभी रैली के माध्यम से सभी नगर के जय स्तंभ चौक पहुंचेंगे।विदित हो कि नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली से आमजन,व्यापारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों में लंबे समय से असंतोष व्याप्त है।व्यापारियों पर अनावश्यक दबाव बनाकर की जा रही वसूली,विकास कार्यों में अनियमितताओं तथा जनसमस्याओं के निराकरण में लापरवाही को लेकर विधायक



विवेक विक्की पटेल ने जनआंदोलन का आह्वान किया है।विधायक पटेल ने कहा कि जनता के हितों की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।प्रदेश और वारासिवनी नगर पालिका में यदि भ्रष्टाचार और मनमानी हो रही है।तो उसके विरुद्ध लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाई जाएगी।जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में व्यापारी, जनप्रतिनिधि,सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी शामिल होंगे।आयोजन समिति ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जनहित की इस लड़ाई को मजबूत बनाने की अपील की है।

## जिले की 5911 महिलाओं को हर माह मिल रहे 1500 रुपए

**बालाघाट**। प्रदेश सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित आहार अनुदान योजना जिले की बैगा महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण सहारा साबित हो रही है। इस योजना के तहत बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजाति की मुखिया महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, ताकि परिवारों में महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाया जा सके। बालाघाट जिले में वर्तमान में बैगा जनजाति की 5911 महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। योजना के माध्यम से इन महिलाओं के बैंक खातों में प्रतिमाह सीधे आर्थिक सहायता राशि जमा की जाती है, जिससे वे अपने परिवार के लिए पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकें।

### कांग्रेस एकजुट, मीनाक्षी नटराजन की जीत सुनिश्चित : विधायक मधु भगत

# कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विधायक मधु भगत ने लिया भाग




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आगामी 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर राजधानी भोपाल में कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस के राज्यसभा प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी , प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी,विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिघार हित पार्टी के सभी विधायक एवं वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक में परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक भी उपस्थित रहे और चुनावी रणनीति पर आयोजित चर्चा में सक्रिय सहभागिता निभाई।

बैठक के दौरान राज्यसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति, विधायकों की भूमिका तथा संगठनात्मक एकजुटता पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कांग्रेस नेतृत्व ने सभी विधायकों से समन्वय बनाए रखते हुए पार्टी उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस पूरी मजबूती और एकता के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है तथा पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि संगठन के निर्णय के साथ मजबूती से खड़े हैं।

बैठक के बाद विधायक मधु भगत ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह संगठित और एकजुट है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर कांग्रेस विधायकों की छवि को संदिग्ध बनाने तथा भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक तत्व जानबूझकर ऐसी चर्चाओं को हवा दे रहे हैं, जिनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। कांग्रेस के सभी विधायक पार्टी की विचारधारा और नेतृत्व के प्रति प्रतिबद्ध हैं तथा राज्यसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं।

विधायक भगत ने कहा कि कांग्रेस के पास अपने प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए पर्याप्त संख्या बल मौजूद है। पार्टी के भीतर किसी प्रकार का मतभेद नहीं है और सभी विधायक एकजुट होकर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व के मार्गदर्शन में चुनावी रणनीति तैयार की गई है और पार्टी का प्रत्येक विधायक उसे सफल बनाने के लिए कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और अटकलों का कोई आधार नहीं है। कांग्रेस संगठन मजबूत है और उसके जनप्रतिनिधि पूरी निष्ठा के साथ पार्टी के निर्णयों का पालन कर रहे हैं। विधायक मधु भगत ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन की जीत निश्चित है और उन्हें राज्यसभा सदस्य बनने से कोई नहीं रोक सकता।

राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही इस बैठक ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि कांग्रेस राज्यसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह सक्रिय है। पार्टी नेतृत्व और विधायकों के बीच हुई विस्तृत चर्चा के बाद संगठनात्मक एकजुटता का संदेश भी सामने आया है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि राज्यसभा चुनाव में पार्टी अपनी ताकत का प्रभावी प्रदर्शन करेगी और प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन को विजयी बनाकर प्रदेश की आवाज को उच्च सदन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। विधायक मधु भगत सोमवार को उम्मीदवार नटराजन के नामांकन के समय भी उनके साथ मौजूद थे।

# तीन महीने से सूखी पेंशन की धारा! वृद्ध, विधवा और दिव्यांगों की बढ़ी मुश्किलें, सरकार पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज लांजी।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के भुगतान में कथित तौर पर तीन माह से चली आ रही देरी अब बड़ा जनमुद्दा बनती जा रही है। जनपद पंचायत लाँजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने इस मामले को लेकर प्रदेश सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि वृद्ध, विधवा, निराश्रित और दिव्यांग हितग्राही आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, जबकि उन्हें मिलने वाली पेंशन उनके जीवनयापन का प्रमुख सहारा है।

अजय अवसरे ने बताया कि जनपद पंचायत क्षेत्र के कई गांवों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि पात्र हितग्राहियों के खातों में पिछले तीन माह से पेंशन राशि जमा नहीं हुई है। एक बुजुर्ग महिला एवं पूर्व सरपंच द्वारा शिकायत किए जाने के बाद उन्होंने संबंधित शाखा से जानकारी ली। शाखा स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार शासन स्तर से भुगतान नियमित रूप से नहीं हो पाया है। हालांकि 29 मई 2026 से कुछ खातों में आंशिक भुगतान शुरू हुआ है, लेकिन बड़ी संख्या में लाभार्थी अब भी राशि मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रदेश में संचालित वृद्धावस्था, कल्याणी (विधवा), निराश्रित एवं निशक्त पेंशन योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह 600 रुपये की सहायता दी जाती है। यह राशि भले ही सीमित हो, लेकिन जरूरतमंद परिवारों के लिए दवा, राशन और अन्य आवश्यक खर्चों का महत्वपूर्ण आधार मानी जाती है। भुगतान में लगातार देरी से गरीब और असहाय वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। अजय अवसरे ने आरोप लगाया कि केवाईसी, आधार लिंकिंग, बैंक खाता सत्यापन और बायोमेट्रिक प्रक्रिया जैसे औपचारिकताओं के नाम पर हितग्राहियों को बार-बार बैंक और कियोस्क केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। विशेष रूप से बुजुर्ग और दिव्यांग नागरिकों को इस प्रक्रिया में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद समय पर भुगतान सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है।

### ग्रामीणों ने रस्सी बाल्टी से निकाला, बाल-बाल बचा

# विवाह समारोह में आया 8 साल का बालक कुएं में गिरा



**हरिभूमि न्यूज कटंगी**। कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम नंदलेसरा में रविवार शाम विवाह समारोह में शामिल होने आए 8 वर्षीय बालक संघर्ष पिता आकाश गजभिए के कुएं में गिर जाने से हड़कंप मच गया। बालक करीब 18 घंटे तक गहरे खाली कुएं में फंसा रहा। सोमवार दोपहर ग्रामीणों ने रस्सी और बाल्टी की मदद से उसे सकुशल बाहर निकाल लिया। गनीमत रही कि ऊंचाई से गिरने के बाद भी बालक को मामूली चोटें ही आईं। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल रहा। घटना रविवार 7 बजे के आसपास की है। नंदलेसरा निवासी नीरज गजभिए के घर विवाह समारोह चल रहा था। इसमें मेहमानों के साथ 8 वर्षीय संघर्ष अपने माता पिता आकाश गजभिए के साथ आया था। विवाह की रौनक में माता पिता का ध्यान थोड़ा हटते ही संघर्ष खेलते हुए समारोह स्थल से कुछ दूरी पर स्थित एक खेत की ओर निकल गया। जब रात होने के बाद भी संघर्ष वापस नहीं आया तो परिजनों को चिंता हुई। माता पिता ने रिश्तेदारों और परिचितों के साथ मिलकर उसकी तलाश शुरू की। गांव के हर गली, मोहल्ले और रिश्तेदारों के घर पूछताछ की गई, लेकिन बालक का कोई सुराग नहीं मिला। पूरी रात खोजबीन चलती रही, लेकिन संघर्ष नहीं मिला। परिजनों की परेशानी बढ़ती देख सोमवार सुबह सोशल मीडिया पर बालक की तस्वीर साझा कर सूचना दी गई। गांव और आसपास के समूहों में मैसेज वायरल किया गया कि जिस किसी को भी बालक दिखाई दे, वह तुरंत सूचना दे। हर कोई बालक की सलामती के लिए प्रार्थना कर रहा था।

सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे खोजबीन कर रहे ग्रामीणों की नजर विवाह स्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित एक खेत के खुले और गहरे कुएं पर पड़ी। कुएं के अंदर झांककर देखा तो नीचे संघर्ष बैठा हुआ था। बालक की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। कुएं की गहराई काफी ज्यादा थी और अंदर पानी भी नहीं था। बालक थकान और डर से सहमा हुआ था।

# आरोह-2026 कराते शिविर का समापन, 119 खिलाड़ियों ने लिया प्रशिक्षण

**बालाघाट**। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित आरोह-2026 कराते ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का समापन जिला मुख्यालय बालाघाट में हुआ। जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा के नेतृत्व में एक माह तक चले इस शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय सहित विभिन्न विकासखंडों के खेल मैदानों में किया गया। मुलना स्टेडियम स्थित जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र में विभागीय कराते प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन के मार्गदर्शन में संचालित शिविर में कुल 119 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ऑनलाइन पंजीयन के आधार पर आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में नवागत और वरिष्ठ खिलाड़ियों को कराते का प्रशिक्षण दिया गया। विशेष बात यह रही कि शिविर में बालकों की अपेक्षा बालिकाओं की भागीदारी अधिक रही।जिला कराते प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन ने बताया कि आत्मरक्षात्मक खेल युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि कराते जैसे खेल बालिकाओं और युवतियों को विपरीत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा करने की क्षमता विकसित करने में मदद करते हैं।

# महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट में तीन दिवसीय सतत व्यावसायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट में दिनांक 8 जून से शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास हेतु तीन दिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं कोर्स डायरेक्टर श्री सतीश कुमार चौरसिया, रिसोर्स पर्सन श्री नीरज तिवारी तथा विद्यालय परिवार के 42 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।प्रथम दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा माँ सरस्वती, गुरु परंपरा एवं महर्षि महेश योगी जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। गुरु पूजन के उपरांत भावातीत ध्यान शिक्षिका श्रीमती सुनीता तिवारी के कुशल निर्देशन में भावातीत ध्यान, भावातीत ध्यान सिद्धि कार्यक्रम तथा यौगिक उड़ान का सामूहिक अभ्यास कराया गया।महर्षि विद्या मंदिर राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कार्यक्रम का संचालन किया गया। सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कोर्स डायरेक्टर श्री सतीश कुमार चौरसिया ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के परिप्रेक्ष्य में शिक्षक प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विद्यालय समूह के अध्यक्ष वेद मार्तण्ड ब्रह्मचारी श्री गिरीशचंद्र वर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन में शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास हेतु ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम देशभर के महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों में नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।प्रथम शैक्षणिक सत्र में रिसोर्स पर्सन श्री नीरज तिवारी ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के महत्व पर चर्चा की तथा सीबीएसई की अध्ययन योजना के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। द्वितीय शैक्षणिक सत्र पूर्णतः मूल्य शिक्षा पर केंद्रित रहा, जिसका संचालन रिसोर्स पर्सन द्वारा किया गया। उन्होंने पीपीटी, प्रेरणादायक उदाहरणों, समूह चर्चाओं एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों के माध्यम से मूल्य आधारित शिक्षा की अवधारणा को विस्तार से स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को शैक्षणिक रूप से दक्ष बनाना नहीं है, बल्कि उनमें नैतिकता, अनुशासन, सहानुभूति, सत्यनिष्ठा, जिम्मेदारी, सहयोग, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्रप्रेम जैसे मानवीय मूल्यों का विकास करना भी है।श्री तिवारी ने इस बात पर विशेष बल दिया कि वर्तमान समय में तकनीकी प्रगति और प्रतिस्पर्धा के बढ़ते दौर में विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण तथा भावनात्मक संतुलन के लिए मूल्य शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है।

# प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजनाओं से किसानों को मिल रहा संबल

**बालाघाट**। जिले के किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना आर्थिक सहायता का महत्वपूर्ण आधार बन गई हैं। इन योजनाओं के माध्यम से किसानों को खेती-किसानी की आवश्यकताओं के लिए समय पर आर्थिक सहयोग प्राप्त हो रहा है।

जिले में वर्तमान में 03 लाख 42 हजार 291 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है, जबकि 03 लाख 25 हजार 418 किसान मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। दोनों योजनाओं के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 06-06 हजार रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जाती है।

किसानों का कहना है कि योजनाओं से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग वे खाद, बीज, उर्वरक, कीटनाशक दवाओं एवं खेती से जुड़ी अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति में कर रहे हैं। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से राशि सीधे खाते में पहुंचने से किसानों को समय पर आर्थिक सहायता मिल रही है तथा खेती के लिए अब उन्हें दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।

इन योजनाओं ने किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के साथ-साथ कृषि कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरकार की यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि उत्पादन बढ़ाने की दिशा में प्रभावी साबित हो रही है।

### //नाम परिवर्तन सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं शानी शेख (SHANEE SHEKH) पति शोहेब शेख(SOYAB SHEKH) वार्ड नंबर 03 , अमेड़ा पोस्ट भरवेली तहसील व जिला बालाघाट की निवासी हूं। मेरे सभी दस्तावेजो में मेरा नाम शानी शेख (SHANEE SHEKH) है किन्तु मेरे passport में मेरा नाम शानी शबीना कुरैशी (SHANEE SHABEENA QURESHI)लिखा हुआ है तथा मेरे पति शोहेब शेख के पासपोर्ट में मेरा नाम शानी शबीना कुरैशी (SHANEE SHABEENA QURESHI)दर्ज है, जो कि सही व सत्य हैं। अतः शानी शेख (SHANEE SHEKH) पति शोहेब शेख(SOYAB SHEKH) लिखा व पढ़ा जावें।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया एफटीके प्रशिक्षण

**बालाघाट**। ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने तथा जल स्त्रोतों की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा जनपद पंचायत वारासिवनी में फील्ड टेस्ट किट (FTK) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।मुख्य कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उइके के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में उपखंड वारासिवनी के सहायक यंत्री श्री विजय तिवारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती यशोदा भगत की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग के वारासिवनी, बुदबुदा-1 एवं बुदबुदा-2 सेक्टर की 72 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रयोगशाला केमिस्ट रेखा पटले एवं टीना बिसेन तथा ब्लॉक समन्वयक प्रतांशी पाठक ने कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
रोजगार हेतु नियमित केम्पस
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
स्वामी विवेकानन्द प्रा. I.T.I.
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

ओरिएण्टल इंजीनियरिंग कॉलेज लालबर्रा (बालाघाट)
B.Tech
+ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
+ सिविल इंजीनियरिंग
+ मैकेनिकल इंजीनियरिंग
+ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
Polytechnic
+ माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग
+ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
+ सिविल इंजीनियरिंग
+ मैकेनिकल इंजीनियरिंग
+ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
Balaghat Road Lalburra,Teh, Lalburra, Dist. Balaghat M.P. 9202131331, 9202121331

DGET/NCVT/ से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
जिले की एक मात्र ISO-9001-2008 प्रमाणित संस्था
अरिहंत प्रा.आई.टी.आई.
लालबर्रा रोड गर्रा बालाघाट फोन - 6263882617, 9425875737
- ट्रेड -
इलेक्ट्रीशियन
फिटर
अरिहंत इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर्स & आई.
दिगम्बर जैन मंदिर के पास मेन रोड बालाघाट
फोन - 7999525911, 9425892823
BCA
M.Sc.(CS)
DCA
PGDCA
विशेषताएं:-

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ENGINEERING | PHARMACY | AGRICULTURE
ADMISSION OPEN 2026-27
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time/Full Time
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agri) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) 9174192111, 9174202111

### लांजी एवं भानेगांव वितरण केन्द्र में लिया कार्यो का जायजा

# बालाघाट दौरे पर आए विद्युत मुख्य अभियंता ने निरीक्षण कर दिये दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर के मुख्य अभियंता का 8 जून को बालाघाट जिले में प्रवास हुआ जहां उन्होंने लांजी एवं भानेगांव वितरण केन्द्र में भौतिक निरीक्षण किया तथा कार्यो की जानकारी लेते हुए अधिकारी और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिये। मुख्य अभियंता इंजी. एसके गिरिया का दौरा कार्यक्रम लाँजी/भनेगांव वितरण केंद्र में रहा जहां उन्होंने सबस्टेशन का निरक्षण कर 33 एवं 11 केव्ही एवम पॉवर ट्रांसफार्मर की लोडिंग को चेक किया। इसके साथ ही सबस्टेशन में लॉग बुक, एफओसी रजिस्टर, परमिट बुक, रिकॉर्ड की जांच कर कंट्रोल पैनल की स्थिति का जायजा भी लिया। निरीक्षण के दौरान वे लांजी कार्यालय पहुंचे जहां पर उपभोक्ताओं के सुविधा एवं समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए शिकायत रजिस्टर की भी जांच की। साथ ही विद्युत विभाग के टोल फ्री नंबर 1912 एवं सीएम हेल्पलाइन में पहुंचने वाली शिकायतों के साथ ही फीडर मैंनेटन्स, डीटीआर मेंटेनेंस की जांच करते हुए शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। प्रस्तावित कार्यो की समीक्षा तथा शिकायत निवारण पर फोकस लाइन ब्रेकडाउन शटडाउन की जानकारी को आईओएमएस पोर्टल में एंट्री करने अप्रुवल लेने और लाइन मेन्टेनेस की जानकारी स्पेक मौडले में एंट्री हेतु कहा गया। आरडीएसएस योजना अंतर्गत चल रहे कार्यो का भौतिक निराकण करने एवं कार्य गुणवत्ता रिपोर्ट सबमिट करने के निर्देश दिए गए। सीएपीएक्स योजना में कृषि फीडर ग्रुप सी लगातार 10 घंटे विद्युत सप्लाई प्रदान की जानी है उस हेतु प्रस्तावित कार्यों की की समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि कार्य के अभाव में विधुत आपूर्ति हेतु कोई दिक्कत ना हो। वर्क प्लान अंतर्गत स्वीकृत कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ की विभाग में चल रही योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया। किसी भी परिस्थिति में उपभोक्ता का कॉल रिसीव करना एवं शालीनता के साथ शिकायत का निराकरण किये जाने निर्देशित किया गया। इस दौरान अधीक्षण अभियंता बालाघाट इंजी. दीपक उइके, कार्यपालन अभियंता इंजी रवि कुम्हरे, सहायक अभियंता एचसी यादव, कनिष्ठ अभियंता अंकित मार्को, डोमेन्द्र कुथे उपस्थित रहे।

